छात्रा अपना मोटिवेशन बढ़ाने को अपनी समस्या का समाधान खुद करें : कुलपति

शाह टाइम्स संवाददाता

विकासनगर। जेबी इंस्टीटयूट आपफ टेक्नोलाजी में विमर्श 6.0 का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डाक्टर ओंकार सिंह द्वारा शिक्षा जगत के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार छात्रों के समक्ष रखे। इससे पूर्व कुलपति प्रो. डा. ओंकार सिंह, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल, निदेशक डा. पीके चौधरी द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन मां सरस्वती के चित्रा के सम्मुख पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस अवसर पर कुलपति डा. ओंकार सिंह ने छात्रों से बातचीत करते हुए छात्रों के हालिस्टिक डेवलपमेंट के लिए सकारात्मक माइंडसेट, सेल्पफ मोटिवेशन होना कितना आवश्यक है इस पर विस्तृत रूप से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि उनकी बड़ी सोच उनको बड़े आयामों का सपफर करने में मदद करेगी, हर समस्या का समाधान आपके पास है अपनी समस्या का स्वयं समाधान करें इसे स्वयं ही आपका मोटिवेशन बढ़ेगा आप मोटिवेटेड रहेंगे। हमेशा अपने लिए जीवन में लक्ष्य तय करें। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई ई लाइब्रेरी और ई रिसोर्स से स्टुडेंट अपनी शैक्षिक योग्यता को कैसे बढ़ा सकते हैं, विश्वविद्यालय ने एक सेंट्रलाइज ट्रेनिंग प्लेसमेंट सेल बना कर विश्वविद्यालय स्तर पर एक महत्वपूर्ण इनीशिएटिव लिया है जिससे कि छात्रों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा मौके मिल सके। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने आशा व्यक्त की निश्चित तौर पर इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा, उन्हें अपने कैरियर को चुनने में आसानी होगी। कार्यक्रम में सेक्रेटरी रजत सिंघल, निदेशक डा. पीके चौधरी, रजिस्ट्रार डा. विशांत कुमार सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उत्तराखंड तकनीक विश्वविद्यालय से जुड़े हुए समस्त छात्रा छात्राएं उपस्थित थे।